राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय
उदयपुर(राज.)

सांस्कृतिक समिति

वार्षिक प्रतिवेदन

सत्र 2021-22

सांस्कृतिक समिति द्वारा सत्र 2021-22 मे प्राचार्य डॉ.शशि संचिहार के निर्देशन में सांस्कृतिक समिति प्रभारी डॉ सीमा राठौड़ द्वारा समिति के सदस्यों के सहयोग से 31जनवरी 2022 तक महाविद्यालय में निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया गया ।

1. स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत के साथ ही देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई । जिसके अन्तर्गत संगीत विभाग की सुश्री श्रेया पालीवाल, सृष्टि पांडे एम. ए. पूर्वार्द्ध और विद्या श्रीमाली, विनीता पंड्या ने देश भक्ति गीतों से समा बांध लिया। सुश्री भारती सिसोदिया ने बांसुरी वादन में देश भक्ति के जज्बे को स्वर दिया।

2. दिनांक 24 और 26 अगस्त 2021 को सांस्कृतिक समिति द्वारा महाविद्यालय में महात्मा गांधी की 150वीं जयंती वर्ष एवं स्वाधीनता की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन, कॉलेज शिक्षा एवं स्कूल शिक्षा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सद्भावना सप्ताह के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

(अ) दिनांक 24 अगस्त 2021 को सद्भावना सप्ताह के अंतर्गत भजन पर आधारित एकल गीत प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शशि संचिहार, सहायक निदेशक कॉलेज शिक्षा डॉ. फरहत बानू मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी श्री भीम प्रकाश आमेटा, कार्यक्रम संयोजिका डॉ. नीलम सिंघल एवं सांस्कृतिक प्रभारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में सुश्री नेहा चारण,श्रेया पालीवाल ,हीना लौहार सीमा भाट,विनीता पंड्या,विद्या श्रीमाली,मीना माली, आंचल कच्छावा,मनीषा कुमारी, अनु डांगी द्वारा सुरीली प्रस्तुतियों से समा बांधा गया। धन्यवाद डॉ. सीमा राठौड़ ने दिया और संचालन डॉ.अंजू बेनीवाल ने किया |

(ब) दिनांक 26अगस्त 2021को सद्भावना सप्ताह के अंतर्गत समूहगान प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में विद्या एवं समूह, श्रेया एवं समूह तथा मनीषा एवं समूह ने बढ़ चढ़ कर प्रस्तुतियां दी तथा सद्भावना की भावनाओ की अभिव्यक्ति दी ।

3. दिनांक 26जनवरी 2022 को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में छात्राओं द्वारा राष्ट्र गान एवं राष्ट्र गीत के साथ ही देशभक्ति गीतों की सुरीली प्रस्तुतियां दी गई ,जिसमें एम. ए. पूर्वार्द्ध की सुश्री श्रेया पालीवाल,सृष्टि पांडे, और प्रथम वर्ष की कृष्णा दांत्या द्वारा एकल गीत की प्रस्तुतियां दी गई तथा श्रेया पालीवाल एवं समूह देशभक्ति समूह गीत की प्रस्तुति दी गई ।

4. दिनांक 30 जनवरी को आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा द्वारा आज़ादी का अमृत महोत्सव के संदर्भ में सह शैक्षणिक गतिविधियों के आयोजन के अंतर्गत सांस्कृतिक समिति द्वारा 30 जनवरी 2022 को शहीद दिवस पर वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे छात्राओं द्वारा रामधुन एवं गांधी जी द्वारा गाए जाने वाले भजनों की प्रस्तुतियां दी गई ।छात्राओं ने वैष्णव जन एवं रघुपति राघव राजाराम भजन की प्रस्तुति से समा बांध दिया ।

5. दिनांक 5फरवरी 2022 को बसंत पंचमी पर सांस्कृतिक समिति द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में माँ सरस्वती की वंदना एवं ऋतु बसंत पर आधारित गीतों की सुरीली प्रस्तुतियां देकर बसंत ऋतु का आगाज़ सुश्री नेहा चारण,श्रेया पालीवाल,मोनिका भट्ट और सृष्टि पांडे ने किया |

6.दिनांक 15 फरवरी 2022 को आज़ादी के 75 वर्ष के कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रसिद्ध गाँधीवादी सुब्बाराव जी की जयंती के सन्दर्भ में राजस्थान युवा पखवाडा कार्यक्रम के अंतर्गत गाँधी भजन और सुब्बाराव जी के गीत प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमे श्रेया पालीवाल प्रथम और सृष्टि पांडे द्वितीय स्थान पर रही |